तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

10 वार्ड से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी भी समर्थकों के साथ



10 सतर्क रहें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें छात्र



खबर संक्षेप

कुरुक्षेत्र में 26 को अमृतवर्षा समागम



कुरुक्षेत्र। शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी के 650वें पावन प्रकाश पर्व तथा आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी महाराज की पावन जयंती (शरद पूर्णिमा) के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में एक भव्य धार्मिक समागम का आयोजन होने जा रहा है। यह तीसरा वार्षिक अमृतवर्षा समागम 26 अक्टूबर, दिन सोमवार को शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी के प्राचीन ऐतिहासिक अस्थान नजदीक अंबेडकर चौक पर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक श्रद्धा व उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा।

मुनाफे का लालच देकर बुजुर्ग से ठगे 28 लाख

यमुनानगर। ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर बुजुर्ग से करीब 28 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। गोबिंदपुरी निवासी श्यामलाल की शिकायत पर शहर यमुनानगर थाना पुलिस ने हरभजन सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गोबिंदपुरी निवासी श्यामलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी हरभजन ने उसे ब्लू अर्थ बेवरेज एंड मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने के लिए राजी किया और अधिक मुनाफा देने का भरोसा देकर रकम ले ली। बाद में न तो वादे के मुताबिक मुनाफा मिला और न ही रकम वापस की गई।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

यमुनानगर। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी में शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता तीन माह की गर्भवती है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में संदीप पर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार वह संदीप को पहले से जानती थी और दोनों का रिश्ता तय हो गया था। रिश्ता तय होने के बाद दोनों का मिलना-जुलना शुरू हो गया। आरोप है कि संदीप ने शादी करने का भरोसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती हो गई।

लापता युवक का शव नहर से मिला

पानीपत। पानीपत में रविवार को दिल्ली पैरलल नहर में हनुमान मंदिर के पास गांव गढ़ी सिकंदरपुर निवासी 21 वर्षीय मोहित शर्मा का शव मिला। मोहित वीरवार को घर से निकला था, और रविवार को उसका शव नहर मे मिला। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार, मोहित अविवाहित था और मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसे दौरे भी आते थे। वह पहले भी कई बार घर से चला जाता था।

हादसे रोकने के लिए एनएच-44 -152 होंगे अपग्रेड, कार्य शुरू

सड़क पर मिलेगी पूरी सुरक्षा राहगिरों को नहीं होगी परेशानी

सड़क की गुणवत्ता सुधारने, वर्षा जल संचयन, सर्विस रोड और सडक़ सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात को अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नेशनल हाईवे-44 और नेशनल हाईवे- 152 (अंबाला से कैथल) को अपग्रेड करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रक्रिया के तहत दोनों हाइवे के रखरखाव और सडक़ सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों के तहत सडक़ की गुणवत्ता में सुधार, बिटुमिनस कंक्रीट की परत बिछाने, सडक़ पर मार्किंग करने, वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित करने तथा सर्विस रोड के निर्माण और सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इन प्रयासों का उद्देश्य वाहन चालकों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सडक़ दुर्घटनाओं की आशंका को कम करना और राजमार्गों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना है। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की पीडी आकृति गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सडक़ उपयोगकर्ताओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सुधार कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। सडक़ की सतह को बेहतर बनाने के लिए बिटुमिनस कंक्रीट की परत बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इससे सडक़ की गुणवत्ता में सुधार होने, वाहनों की आवाजाही अधिक आरामदायक बनने और सडक़ की उपयोगी अवधि बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सडक़ पर मार्किंग का कार्य भी जारी है। इससे वाहन चालकों को लेन की स्पष्ट जानकारी मिलेगी। विशेषकर रात के समय तथा कम दृश्यता की परिस्थितियों में वाहन चलाना अधिक सुरक्षित हो सकेगा। बता दें कि नेशनल हाईवे-152 अंबाला से कैथल तक यातायात संपर्क का महत्वपूर्ण मार्ग है। इस पर सडक़ के मौजूदा ढांचे को मजबूत बनाने और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत जरूरत के अनुसार सडक़ मार्ग को बेहतर बनाने, जंक्शनों और चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुधारने, सर्विस रोड विकसित करने तथा पुलों, पुलियों और अन्य संरचनाओं के रखरखाव एवं उन्नयन पर ध्यान दिया जा रहा है। इस मार्ग पर कुल 15 संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से 12 संरचनाएं यातायात के लिए खोली जा चुकी हैं जबकि शेष कार्य मार्च 2027 तक पूरा किए जाने की उम्मीद है। सर्विस रोड का निर्माण और सुधार स्थानीय यातायात तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गुजरने वाले यातायात को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अलग खबर

सड़क उन्नयन और जल प्रबंधन पहल

नेशनल हाईवे-44 पर भी सडक़ की गुणवत्ता और यातायात सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अपग्रेड तथा रखरखाव के कार्य किए जा रहे हैं। पानीपत-जालंधर खंड पर बड़े और छोटे पुलों तथा रेलवे ओवरब्रिज जैसी संरचनाओं के निर्माण एवं चौड़ीकरण के कार्यों के साथ सडक़ की सतह को दुरुस्त करने और क्वष्ट की परत बिछाने पर काम किया जा रहा है। अंबाला छावनी की शास्त्री कॉलोनी में किलोमीटर 198.300 पर वाहन अंडरपास का निर्माण किया गया है जिसमें स्थानीय यातायात की सुविधा के लिए अतिरिक्त रैंप भी शामिल हैं। इससे यहां से गुजरने वाले यातायात की आवाजाही को बेहतर ढंग से संचालित करने में सहायता मिलती है। राजमार्गों के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन को भी महत्व दिया जा रहा है। इसी दिशा में वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है ताकि बारिश के पानी को एकत्रित कर उसका उचित प्रबंधन किया जा सके और भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद मिले। वर्षा जल संचयन की व्यवस्था जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ राजमार्ग के आसपास जल निकासी और जल प्रबंधन को अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है।

राजमार्ग की लाइटिंग में होगा सुधार

पीडी आकृति गुप्ता ने बताया कि सडक़ सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थानों पर क्रैश बैरियर, सुरक्षात्मक पेरापेट, सडक़ संकेतक और अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जहां जरूरत है वहां राजमार्ग की लाइटिंग में सुधार, अनधिकृत कटों को नियंत्रित करने, यातायात को उचित दिशा देने और दृश्यता बढ़ाने के उपाय किए जा रहे हैं। सडक़ के बीच और किनारों पर पौधारोपण तथा अन्य सौंदर्यीकरण संबंधी प्रयासों से राजमार्ग को अधिक आकर्षक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में भी मदद मिलेगी। अंबाला रिंग रोड के माध्यम से शहर के भीतर यातायात का दबाव कम करने और वाहनों की आवाजाही को अधिक व्यवस्थित बनाने में भी सहायता मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेहतर सडक़ सतह, स्पष्ट मार्किंग, सुरक्षित जंक्शन, सर्विस रोड और प्रभावी यातायात प्रबंधन से स्थानीय नागरिकों, दैनिक यात्रियों, व्यावसायिक वाहनों तथा लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास केवल सडक़ निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सुरक्षित यातायात, बेहतर रखरखाव, जल संरक्षण, पर्यावरणीय स्थिरता और यात्रियों की सुविधा को भी समान महत्व दिया जा रहा है।



करनाल। गांव घोघड़ीपुर में घटनास्थल पर जांच करती पुलिस टीम।

खेत में बने कमरे से मिला युवक का शव, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के गांव घोघड़ीपुर में रविवार दोपहर खेत में बने कमरे से 36 वर्षीय नवीन का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नवीन के सिर पर चोट के निशान थे और खून भी बह रहा था। उसकी शर्ट फटी हुई मिली। सूचना मिलने पर मधुबन थाना पुलिस और सीआईए-2 की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के अनुसार, नवीन शनिवार रात दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। बताया जा रहा है कि रात करीब 12 बजे तक उसने दो लोगों के साथ शराब पी थी। इसके बाद क्या हुआ,

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। मधुबन थाना प्रभारी लखबीर सिंह के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस परिजनों के बयान और घटनास्थल से मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सूचना मिलने पर उसका छोटा भाई खेत में बने कमरे में पहुंचा, जहां नवीन का शव मिला।

जमीन के सौदे में रुपये देने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं

यमुनानगर। गांव लेदी में जमीन खरीदने के लिए 34 लाख रुपये देने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं कराने के आरोप में छछरौली थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जमीन पर मिट्टी भराई, चहारदीवारी और अन्य कार्यों पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी उसे मालिकाना हक नहीं मिला। बाद में जमीन पर अदालत का स्टे होने की जानकारी मिली। रजिस्ट्री कराने के लिए कहने पर धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार कुरुक्षेत्र के थानेसर स्थित विष्णु कॉलोनी निवासी अंकुश बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में मामचंद, ज्ञानचंद, कर्णपाल और प्रॉपर्टी डीलर विरेंद्र कुमार पर आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, सितंबर 2024 के अंत में प्रॉपर्टी डीलर विरेंद्र कुमार ने अंकुश बंसल और उसके हिस्सेदारों को लेदी गांव में जमीन दिखाई थी। जमीन पसंद आने के बाद एक अक्टूबर को कर्णपाल के घर बैठक हुई। आरोप है कि इस दौरान जमीन का नक्शा दिखाया गया, लेकिन अन्य दस्तावेज मांगने पर सौदा होने के बाद देने की बात कही गई।

पानीपत में इंश्योरेंस कंपनी के दफ्तर में लगी आग

एक्सीडेंटल केसों का रिकार्ड जला, फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आग से नुकसान का आकलन नहीं

न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के सहायक डेवलपमेंट ऑफिसर ने बताया कि शनिवार को कार्यालय में छुट्टी थी। रात को आग लगने की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे। आग से कार्यालय में रखा दुर्घटनाओं से संबंधित रिकॉर्ड जल गया। हालांकि अब तक ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग से कितना नुकसान हुआ है।

पानीपत में पुराने बस स्टैंड के पीछे स्थित न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालय में शनिवार रात अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से कार्यालय में रखा दुर्घटनाओं से संबंधित रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। कार्यालय से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने स्टाफ को इसकी सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को कार्यालय में छुट्टी थी। रात के समय कार्यालय में आग लगने से अंदर धुआं भर गया। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी कार्यालय के कर्मचारियों को दी। सूचना मिलने पर कार्यालय के सहायक डेवलपमेंट ऑफिसर मौके पर पहुंचे। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से कार्यालय में रखा एक्सीडेंट से संबंधित रिकॉर्ड जल गया। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। थाना शहर प्रभारी कटार सिंह नैन ने बताया कि कंट्रोल रूम से आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। आग पर काबू पा लिया गया है। अब तक नुकसान कितना हुआ इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। शिकायत के आधार पर आगामी छानबीन की जाएगी।

पंजाबी बिरादरी भवन की मांगों पर सात दिन का अल्टीमेटम



- 31 सदस्यीय कमेटी ने लिया निर्णय, सदस्यता, लोकतांत्रिक चुनाव और सामाजिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेक्टर-9 स्थित पंजाबी बिरादरी भवन से जुड़ी पांच प्रमुख मांगों को लेकर पंजाबी समाज की 31 सदस्यीय कमेटी की बैठक पंकज गाबा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रबंधन की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी जताई गई। कमेटी ने समाधान के लिए प्रबंधन को सात दिन का अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया। मांगें नहीं माने जाने पर अगले रविवार को बिरादरी भवन के प्रधान के निवास के बाहर शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा। पंकज गाबा ने बताया कि समाज के प्रतिनिधियों ने दो दिन पहले भवन के प्रवक्ता देवेंद्र गांधी के सामने मांगें रखी थीं। उनके अनुसार, प्रबंधन ने जवाब दिया कि इन पर निर्णय हाउस मीटिंग में सदस्यों की सहमति से लिया जाएगा, जो तीन से चार महीने बाद प्रस्तावित है।

ये हैं पांच प्रमुख मांगें

सदस्यता: 2,100 रुपये में सभी पात्र पंजाबी समाज के लोगों को सदस्यता दी जाए।
चुनाव: प्रधान और प्रबंधन कमेटी के नियमित व निष्पक्ष चुनाव करवाए जाएं।
लीज की जानकारी: भवन को लीज पर देने के कारणों और शर्तों की जानकारी सार्वजनिक की जाए।
बैठक स्थल: समाज की बैठकों के लिए निःशुल्क स्थान और बुजुर्गों व युवाओं के लिए मेल-मिलाप की सुविधा हो।
सामाजिक सुविधाएं: जरूरतमंद परिवारों के कार्यक्रमों, रस्म क्रिया और शोकसभाओं के लिए निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराया जाए।

ये भी रहे उपस्थित: प्रवेश अरोड़ा, सोमनाथ डावर, एडवोकेट प्रदीप, राजेश अरोड़ा, विनोद चौधरी, ललित अरोड़ा, ललित आहूजा, विशाल अरोड़ा, राकेश कक्कड़, विशाल चोपड़ा, सैम खत्री, दीपक मेहता, मुकेश वर्मा, पंकज चुघ, बृजेश भल्ला, वीरेंद्र मेहता, सौरव खन्ना, साहिल अरोड़ा, भारत भूषण और सुदर्शन पाहुजा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ई. रिक्शा में सवार महिलाओं ने साढ़े पांच लाख के सोने पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

यहां के एक सर्राफ की दुकान के कर्मचारी से 40 ग्राम सोना चोरी हो गई है। चोरीशुदा सोने की कीमत करीब साढ़े पांच लाख रुपये बताई जा रही है। यह वारदात ई-रिक्शा में सफर के दौरान शातिर चोर महिलाओं ने अंजाम दी।

पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी की धारा 305 के तहत केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नारायणगढ़ के बंधु ज्वैलर्ज एंड संस के मालिक गौरव वर्मा ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी पंजलासा चौक पर एक ज्वैलरी की दुकान है। 15 अक्तूबर को सुबह करीब 12:30 बजे उन्होंने अपने ड्राइवर रोहित कुमार को सिटी भेजा था। रोहित कुमार बड़ा गांव का निवासी है। उसे ग्राहक का आधा बना हुआ पेंडल और एक सोने की तार जॉब वर्क के लिए ले जानी थी। इन दोनों का कुल वजन लगभग 40 ग्राम था। ड्राइवर ने अंबाला शहर पहुंचकर अपनी कार खाटू श्याम मंदिर के पास पार्किंग में खड़ी कर दी थी। यह घटना तब हुई जब ड्राइवर वापस लौट रहा था। शिकायत के अनुसार, ड्राइवर दोपहर करीब 4 बजे वापस लौटने के लिए ई-रिक्शा में बैठा। रास्ते में दो अज्ञात महिलाएं एक बच्चे के साथ रिक्शा रुकवाकर उसमें सवार हो गईं।

करंट लगने से 3 बच्चों के पिता की मौत

- पानीपत में निर्माणाधीन मकान में काम करते समय हादसा; ऊपर से गुजर रही थी एचटी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के सेक्टर-24 में एमजेआर स्कूल के पास शनिवार शाम एक निर्माणाधीन मकान में काम करते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सेक्टर-25 स्थित इंडो फार्म निवासी चंद्रभान (35) के रूप में हुई है। हादसे में उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया और सिर पर भी तार के निशान मिले। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, चंद्रभान शनिवार शाम सेक्टर-24 में एक निर्माणाधीन मकान में दिहाड़ी मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान वह मकान के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलने पर थाने पहुंचे परिजन

हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिजन थाना चांदनीबाग पहुंचे। वे काफी देर तक थाने के बाहर बैठे रहे और विलाप करते रहे। आज रविवार को पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया और इसके बाद शव परिवार को सौंप दिया। घटनास्थल पर चंद्रभान की चप्पलें भी पड़ी मिलीं।

दिहाड़ी से चलता था परिवार का गुजारा

चंद्रभान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं का रहने वाला था। वह काफी समय से पानीपत में परिवार के साथ किराये के मकान में रह रहा था और दिहाड़ी-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी, मां और तीन बच्चे हैं। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। चंद्रभान का सबसे बड़ा बेटा 14 साल का है, बेटी 12 साल की और सबसे छोटा बेटा पांच साल का है। परिवार की आजीविका मुख्य रूप से उसकी कमाई पर निर्भर थी। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

गुगल से अस्पताल का नंबर लिया, ठगों ने एपीके फाइल भेजकर 3.50 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गूगल पर अस्पताल का हेल्पलाइन नंबर खोजना अंबाला कैंट की एक महिला को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने महिला के मोबाइल में एक एपीके फाइल भेजकर उसे हैक कर लिया। कैंट के मिलाप नगर की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उनके पति नागरिक अस्पताल में अनुबंध पर कार्यरत हैं। बीते 7 अक्तूबर को उनकी सास की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें इलाज के लिए मोंगा अस्पताल ले जाना था। अस्पताल में डॉक्टर की अपॉइंटमेंट लेने के लिए उनके पति ने गूगल पर संपर्क नंबर खोजा। इसके बाद ठगों ने महिला के बैंक खाते से अलग-अलग किस्तों में 3,50,905 रुपये निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस थाना ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गूगल पर दिखाए गए नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी ने खुद को अस्पताल कर्मी बताया। उसने कहा कि अपॉइंटमेंट के लिए केवल पांच रुपये की फीस लगेगी। इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सएप पर एक फाइल भेजी। पीड़िता ने बताया कि पहले पति के फोन से और फिर उनके खुद के मोबाइल से पांच रुपये की पेमेंट करने की कोशिश की गई। हालांकि, यह भुगतान असफल रहा।

पत्नी से अलग रहे पति ने फर्जी साइन कर लिया 18 लाख का लोन

- साजिश के तहत महिला को अदालत से पीओ भी घोषित करवा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

पति से अलग रह रही एक महिला के नाम पर फर्जी दस्तावेज और जालसाजी कर करीब 18 लाख रुपये का लोन उठाने का मामला सामने आया है। आरोपी पति ने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी चेक बाउंस करवाकर महिला को कोर्ट से भगोड़ा भी घोषित करवा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अब पुलिस ने पति और चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने महिला की बिना जानकारी और सहमति के सह-आवेदक दिखाकर जाली दस्तखत कर लोन ले लिया।

फाइनेंस कंपनी ने महिला के जाली हस्ताक्षर वाला चेक बाउंस होने का हवाला देकर चंडीगढ़ अदालत में केस दायर किया। कंपनी और पति ने जानबूझकर शिकायत में महिला का गलत पता दिया। इससे उसे समन नहीं मिले और कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। इसके बाद चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी अंबाला के मैनेजर पंकज शर्मा व अन्य कर्मियों से सांठगांठ कर पीड़िता के फर्जी साइन कर करीब 18 लाख का लोन हड़प लिया। पीड़िता ने अदालत में पेश होकर जमानत ली। अब पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है।

मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण करने वाला ठेकादार होगा ब्लैकलिस्ट

अंबाला। कैबिनेट मंत्री अनिल विज के सख्त निर्देशों के बाद नगर परिषद ने जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए बनाई जा रही बहुउद्देशीय (मल्टी-लेवल) पार्किंग में लिफ्ट का काम लटकाने वाले लापरवाह ठेकेदार पर अब शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। परियोजना के तहत लिफ्ट और अन्य शेष कार्यों में अनावश्यक देरी करने पर ठेकेदार को नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही, तय समय में काम दोबारा शुरू न करने पर उसे ब्लैक लिस्टेड करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत वाली इस बहुउद्देशीय पार्किंग परियोजना का काम पिछले करीब एक साल से ठप या बेहद धीमी गति से चल रहा है।

मधुबन पुलिस अकादमी में विभिन्न राज्यों के पुलिसकर्मी जुटे

लद्दाख से चली बाइक रैली का करनाल में स्वागत

- नशामुक्त भारत और राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय एकता दिवस और नशामुक्त भारत का संदेश लेकर 10 अक्तूबर को लद्दाख से रवाना हुई बाइक रैली रविवार को करनाल पहुंची। जिला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के निर्देश पर रैली का स्वागत किया। रैली में लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा पुलिस के जवानों सहित विभिन्न राज्यों के नागरिक शामिल हैं। रैली का पड़ाव हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में रहा। यहां अकादमी के पुलिस अधीक्षक बलजिंदर सिंह और उनकी टीम ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय संदीप सिंह, डीएसपी ट्रैफिक महावीर और थाना हाईवे प्रभारी रोशन लाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में दयाल सिंह कॉलेज और डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। प्रतिभागियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई।



करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में राष्ट्रीय एकता बाइक रैली के प्रतिभागियों का स्वागत करते पुलिस अधिकारी।

यह रैली विभिन्न स्थानों से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी और 31 अक्तूबर को गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर संपन्न होगी। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे और नशामुक्त भारत के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

आठवें नवरात्र पर शोभायात्रा निकालकर आदिबद्री क्षेत्र स्थित मां के मंदिर में की पूजा-अर्चना

मां के मंदिरों में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शरदीय नवरात्र के चलते रविवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर मां के आठवें स्वरुप महागौरी के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर परिवार के लिए सुख शांति की कामना की। खास बात यह रही कि आठवें नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकालकर आदिबद्री क्षेत्र स्थित मां मंत्रा देवी में पहुंचकर मां महागौरी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जिले की सीमा स्थित मां बाला सुंदरी, मां मंत्रा देवी, मां शाकूम्भरी, मां शारदा समेत विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी व अन्य सामग्री चढ़ाकर मां की पूजा अर्चना की। रविवार को आठवें दिन सुबह से ही जिला स्थित मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। खास बात यह रही की रविवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं ने कई कई घंटे खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। मंदिरों में लाइन में लगे मां के भक्तों द्वारा जय माता दी के गगनभेदी जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं, त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी और यूपी के बेहट क्षेत्र स्थित मां शांकुभरी देवी के मंदिर में यमुनानगर जिले से ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।



यमुनानगर। आदिबद्री में शोभायात्रा निकालकर मां के मंदिर में आठवें स्वरुप महागौरी के दर्शन करने जाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

अमोघ फल देने वाली है मां महागौरी

श्रीदुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित लक्ष्मण दास का कहना है कि मां दुर्गा का आठवां स्वरुप महागौरी है। महागौरी मां अमोघ फल देने वाली हैं। बताया गया है कि मां महागौरी की पूजा अर्चना करने से जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है और रोगों से छुटकारा मिलता है। महागौरी माता पार्वती का दिव्य रूप मानी जाती हैं। जिनका रंग बहुत गौर है। इनके सफेद वस्त्र और आभूषण के कारण उन्हें श्वेतांबरधरा कहा जाता है। इनकी चार भुजाएं हैं। जिनमें से एक में अभय मुद्रा और दूसरे में त्रिशूल है। इनके बाएं हाथ में डमरू और वर मुद्रा है। इनका वाहन वृषभ (बैल) है। इसलिए इन्हें वृषारूढ़ा भी कहा जाता है। पुजारी पंडित लक्ष्मण दास का कहना है कि महागौरी मां के प्रश्न करने पर भक्तजन इस दिन व्रत रखते हैं और पूजा में उनका ध्यान करते हैं। यह अमोघ फल देनी वाली मां हैं। उन्होंने बताया कि मां महागौरी अपने भक्तों के लिए अन्नपूर्णा स्वरूप हैं।

मां बाला सुंदरी के मेले में पहुंचे श्रद्धालु

मां के आठवें नवरात्र पर हरियाणा की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मेले में रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन किए। अधिकांश भक्त मां बाला सुंदरी को अपनी कुलदेवी मानते हैं और हर नवरात्र में त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में परिवार समेत पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना कर अपने परिवार के लिए सुख शांति की कामना करते हैं।

रावण के महारथी जमीन से नहीं हिला सके अंगद का पांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में दसवें दिन अंगद और महाराजा रावण संवाद का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान देर रात तक प्रभु प्रेमी पवित्रलीला के आनंद सागर में डूबे रहे। श्रीरामलीला में विभिन्न पात्रों का किरधार निभा रहे कलाकारों द्वारा अंगद व महाराजा रावण संवाद के दृश्य मंचन करके घंटो तक श्रद्धालुओं को भावविभोर किए रखा।

नाचरौन में चल रही श्रीरामलीला का दसवें दिन शुभारंभ श्रीगणपति भगवान की आरती के साथ हुआ। इसके बाद श्रीराम लीला के प्रथम दृश्य मंचन में भगवान श्रीराम महाबली अंगद को महाराजा रावण के दरबार में शांति दूत बनाकर भेजते हैं। महाबील वीर अंगद भगवान श्रीराम की आज्ञा पाकर श्रीलंका में पहुंचते हैं। दूसरे दृश्य मंचन में वीर अंगद श्रीलकां में महाराजा रावण के दरबार में जाने के लिए वहां मौजूद दरबारियों से मिलते हैं। दरबारी वीर अंगद को महाराजा रावण के दरबार में लेकर पहुंचते हैं। रावण उल्टा अंगद को भला बूरा कहता है। जिसके बाद अंगद जमीन पर अपना पांव जमा लेते हैं। वीर अंगद के पांव को रावण के एक बढ़कर एक महारथी बारी बारी से उठाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाते हैं। मगर रावण का कोई भी महारथी और उसके बलधारी बेटे मेघनाथ और अन्य अंगद के पांव को जमीन से नहीं उठा नहीं पाते हैं।



मौके पर ये रहे मौजूद

मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल कोच, राहुल पुंडीर, दीपक शर्मा, जियांशु, उज्जवल, धर्मबीर राणा,यशपाल राणा, प्रदीप राणा, रूपेंद्र, राजपाल, सोमपाल कश्यप, संदीप राणा व गोविंद राणा आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



अष्टमी पर भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

रादौर। माता काली मंदिर टोपरा खुर्द में रविवार को ग्रामीणों की ओर से तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सरपंच देवेंद्र सैनी की अध्यक्षता में आयोजित भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व ग्रामीणों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। सरपंच देवेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि ग्रामीणों की ओर से तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी ग्रामीणों ने पूरा सहयोग किया है। नवरात्रों में माता की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। वहीं अष्टमी के दिन भंडारों का आयोजन किया जाता है। मौके पर मंदिर के पुजारी नंदलाल, संदीप सैनी, सुमित सैनी, अंशुमन सैनी, हैप्पी सैनी, सोनू सैनी, दारा सिंह, मोंटी, गोपाली, बिट्टू, सुशील सैनी व विक्रमजीत आदि मौजूद थे।



सढ़ूरा की टीम ने जीती नेशनल स्टाइल कब्बडी स्पर्धा

रादौर। खेल प्रेमी एवं ग्राम पंचायत सढ़ूरा के पूर्व सरपंच देव सिंह द्वारा गांव सढ़ूरा में नेशनल स्टाइल कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आयोजक एवं गांव के पूर्व सरपंच देव सिंह ने किया। पूर्व सरपंच देव सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में दस टीमों ने भाग लिया। जिनमें फाइनल मैच सढ़ूरा टीम व बकाना टीम के बीच खेला गया। सढ़ूरा टीम ने बकाना टीम को कड़े मुकाबले में 31.28 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता जीतकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। प्रतियोगिता में विजेता रही गांव सढ़ूरा की टीम को पूर्व सरपंच देव सिंह ने 3100 रूपये व ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, उप विजेता रही बकाना की टीम को 2100 रूपये व ट्राफी भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच खेलने वाली विजेता व उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सढ़ूरा के खिलाड़ी रजत बेस्ट राइडर चुने गए। बेस्ट कैचर का पुरस्कार शानु सढ़ुरा को मिला। इस अवसर पर गांव सढ़ुरा के सरपंच जसविंदर सिंह, मलखान सिंह सढ़ूरा, संदीप सढ़ूरा, रणपाल सिंह सढ़ूरा, बलवान सिंह सढ़ूरा व सुभाष सढ़ूरा आदि मौजूद रहे।



योग-आयुर्वेदिक कैंप में किया नाड़ी परीक्षण

यमुनानगर। सजल दिव्य फाउंडेशन संत आश्रम द्वारा गांव गोबिंदपुरा में योग व आयुर्वेदिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप का शुभारंभ भाजपा जिला उप प्रधान सविता अनिल कांबोज द्वारा पौधरोपण से किया गया। कैंप में आचार्य डॉ.अभिमन्यु भार्गव द्वारा गांव से आए हुए लोगों का नाड़ी परीक्षण किया गया। योगी मनोज कुमार द्वारा रोगों के अनुसार क्लीनिकल योग व आहार के बारे में जानकारी दी गई। मेडिकल कैंप में सजल दिव्य फाउंडेशन के साथ मार्गव आयुर्वेद हॉस्पिटल के सहयोग से आयुर्वेद औषधि दी गई और जो भी कैंप में आने वाले लोग रहे, उनको थेरेपी भी निशुल्क दी गई। योगी मनोज कुमार ने बताया कि सजल दिव्य फाउंडेशन संत आश्रम सहयोग मार्गव आयुर्वेद अस्पताल की ओर से हर माह के दूसरे रविवार और चौथे रविवार को जिला यमुनानगर के हर गांव में यह कैंप निशुल्क लगाया जाता है। सहयोगी टीम में हरेंद्र कुमार, मेघा सिंह, दिनेश कुमार, लखविंदर सिंह, अर्चना शर्मा व ग्राम से अनिल कुमार, सुरेंदर, अनुज, श्रवण, दयानन्द,उषा, सीमा, संतोष, प्रकाशो आदि शामिल हुए।

लोहगढ़ में बनेगा बाबा बंदा सिंह बहादुर का स्मारक

यमुनानगर। बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ परियोजना की एक्सपर्ट कमेटी की बैठक व्यासपुर के विश्रामगृह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रमलीन सिंह ने की। मौके पर ट्रस्ट के सदस्य सचिव एवं एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में लोहगढ़ में प्रस्तावित स्मारक के निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रमलीन सिंह ने बताया कि लोहगढ़ में लगभग 20 एकड़ भूमि पर बाबा बंदा सिंह बहादुर के भव्य स्मारक का निर्माण किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत ऐतिहासिक किले एवं परिसर की चारदीवारी का नवीनीकरण तथा बाबा बंदा सिंह बहादुर की विशाल प्रतिमा का निर्माण शामिल है। बैठक में स्मारक केंद्र के विकास कार्यों की प्रगति, लंबित कार्यों तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं निर्माण संबंधी विषयों की समीक्षा की गई। बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्य एसएस पाहवा ने कहा कि लोहगढ़ के विकास का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जाता है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से परियोजना का कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, आनंदपुर साहिब विश्वविद्यालय के कुलपति सरबजीत सिंह, ट्रस्ट सदस्य एसएस पाहवा, आरएफओ कृष्ण कुमार, ट्रस्ट के सेक्शन ऑफिसर राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



पालेवाला गांव की बेटी अश्विनी चौहान बनी डीएसपी

रादौर। गांव पालेवाला में किसान प्रमोद राणा की बेटी अश्विनी चौहान ने हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा पास करके हरियाणा पुलिस में डीएसपी का पद हासिल किया है। रविवार को डीएसपी बनी बेटी अश्विनी चौहान का गांव पालेवाला में ग्रामीणों ने स्वागत किया। मौके पर मिठाई बांटकर खुशी जताई गई। डीएसपी बनी अश्विनी चौहान ने बताया कि वह अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पिता प्रमोद राणा व माता अनिता को देती हैं। उसने कामयाबी हासिल करने के लिए गांव में हर रोज 5 से 6 घंटे तक पढ़ाई कर हरियाणा सिविल सर्विस के पेपर की तैयारी की थी। उसने वर्ष 2017 में डीएवी स्कूल रादौर से 12वीं की पढ़ाई पास की। उसके उपरांत उसने खालसा कॉलेज यमुनानगर से बीए की पढ़ाई की। चंडीगढ़ में उसने एचपीएससी की परीक्षा को लेकर कोचिंग ली। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के बाद से वह गांव में थी। लगभग 5 से 6 वर्ष के दौरान उसने तीन बार हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा दी। लेकिन वह सफल नहीं हुई। लेकिन इस बार उन्होंने चौथी बार परीक्षा दी और वह सफल हो गई। उसका बड़ा भाई आशीष ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रहा है। गांव पालेवाला निवासी मनोज राणा, रामगोपाल राणा, बृजपाल, संग्राम राणा, मांगेराम, ज्ञानसिंह नंबरदार, जगबीर राणा, राकेश राणा, अशोक पुंडीर व रणधीर पुंडीर आदि ने कहा कि यह उनके गांव के लिए व क्षेत्र के लोगों के लिए बड़े गर्व की बात है।



प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्रीकपालमोचन स्थल पर लगेगा भव्य मेलाः आहूजा

यमुनानगर। श्री कपाल मोचन एवं श्री आदि बद्री मेला-2026 के सफल आयोजन और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से श्राइन बोर्ड व्यासपुर कार्यालय के प्रांगण में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। इस दौरान बैठक में मेले के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और सभी विभागों को अपने अपने स्तर पर आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि महर्षि वेदव्यास की कर्मस्थली व्यासपुर स्थित तीर्थराज कपाल मोचन में 20 नवंबर से 24 नवंबर 2026 तक प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक अंतरराज्यीय श्री कपाल मोचन एवं श्री आदिबद्री मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है तथा इसमें देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस अवसर पर एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम छछरौली जसपाल सिंह गिल, एसडीएम रादौर नरेंद्र व एडीआईओ पारस आदि मौजूद रहे।

गुरु भक्ति के आध्यात्मिक रहस्य से लोगों को करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधर के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को भजन संकीर्तन एवं सत्संग कार्यक्रम हुआ। इसमें साध्वी भावना भारती ने संसार की आसक्ति और गुरु की भक्ति के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्य के महत्व को बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से गुरु और प्रभु का गुणगान कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साध्वी भावना भारती ने फरमाया कि मनुष्य संसार में रहते हुए अपने परिवार, संबंधों, धन संपत्ति और भौतिक सुख से इस प्रकार आसक्त हो जाता है कि धीरे धीरे यही आसक्ति उसके जीवन का केंद्र बन जाती है। कोई भी व्यक्ति अथवा वस्तु अपने आप में बंधन नहीं हैं । बल्कि उनके प्रति मन में उत्पन्न होने वाला अत्यधिक मोह और उनमें स्थायी सुख खोजने की प्रवृत्ति मनुष्य को मानसिक एवं आध्यात्मिक बंधनों में जकड़ लेती है। मनुष्य संसार के कार्यों में इतना उलझ जाता है कि वह अपने वास्तविक स्वरूप और जीवन के परम उद्देश्य को ही विस्मृत कर बैठता है। साध्वी भावना भारती ने समझाया कि संसार में रहते हुए आसक्ति के बंधनों से मुक्त होना ही वास्तविक आध्यात्मिक उपलब्धि है। जिस प्रकार कमल का पुष्प जल में रहकर भी उससे निर्लिप्त रहता है। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आसक्ति से मुक्त जीवन जी सकता है। यदि उसके जीवन में गुरु भक्ति रूपी सूर्य उदित हो जाए। जैसे कमल पुष्प सूर्य से नाता बनाए रखता है। इसी प्रकार गुरु रूपी सूर्य से संबंध होने पर संसार में रहते हुए भी मन के बंधन टूट जाते हैं और हमें जीवन मुक्ति का सहज मार्ग प्राप्त होता है।



यमुनानगर। जगाधरी में भजन संकीर्तन एवं संत्संग कार्यक्रम में साध संगत को गुरु भक्ति के महत्व समझातीं साध्वी भावना भारती। फोटो : हरिभूमि



प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं विद्यार्थीः देवी

रादौर। लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा देवी ने बताया कि कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीराम एवं माता सीता की वेशभूषा धारण कर रामायण पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा दशहरा विषय पर चित्रकला गतिविधि के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान रावण दहन भी किया गया। उन्होंने सभी बच्चों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को दशहरा पर्व का महत्व बताते हुए उन्हें सत्य, धर्म और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। दशहरा भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का प्रतीक है। जो बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की जीत को दर्शाता है। रावण दहन भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय की याद में किया जाता है। यह हमें संदेश देता है कि अहंकार, क्रोध, लालच और अन्य बुराइयों का अंत निश्चित है।

नीलकंठ कॉलोनी में 28.80 लाख की लागत से बनेगा नाला

- हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर व मेयर सुमन बहमनी ने किया नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उक्त शब्द पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने शहर की नीलकंठ कालोनी में 28.80 लाख रुपये की लागत से पानी निकासी के लिए बनाए जाने वाले नाला के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए बतौर मुख्यातिथि कहे। मौके पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी भी मौजूद रही।

मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर एक की नीलकंठ कॉलोनी में 28.80 लाख रुपये की लागत से नाले का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीलकंठ वाशिंग सेंटर से बॉम्बे फर्नीचर तक बनने वाले इस नाले से क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

नाले के निर्माण से स्थानीय निवासियों को जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। इससे कॉलोनी में साफ. सफाई बनाए रखने और बारिश के दौरान पानी की निकासी सुचारू करने में भी मदद मिलेगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि शहर के विकास में किसी भी वार्ड की अनदेखी नहीं की जाएगी। स्थानीय लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य करवाकर शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, नाली और जल निकासी से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है। ताकि लोगों को रोजमर्रा की समस्याओं से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार काम करवाने के निर्देश दिए जाएंगे।



यमुनानगर। नीलकंठ कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के दौरान मुख्यातिथि का स्वागत करते स्थानीय लोग। फोटो : हरिभूमि



पर्व भारतीय संस्कृति, प्रेम व सद्भाव के प्रतीक

रादौर। संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल एवं सुरिंदरा हाई स्कूल कैंप में नवरात्रि और दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी रणधीर सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्या सोनिया चानना ने की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नर्सरी के विद्यार्थियों ने राम रावण चित्रकारी, एलकेजी ने धनुष बाण, यूकेजी ने मुकुट निर्माण, पहली से पांचवीं कक्षा ने वॉल हैंगिंग, छठी से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने कैंडल व तोरण निर्माण, आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने डिस्पोजेबल प्लेट सजावट, नौवीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने क्ले मॉडलिंग तथा ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों ने पोम पोम हैंगिंग तैयार की। मुख्यातिथि चौधरी रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने और त्योहारों को प्रेम व सद्भाव के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुरेश चानना, राजविंदर कौर, मोहित बलियान, शरणप्रीत कौर व नवदीप सिंह बराड़ आदि मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2027 की तैयारियों को लेकर हुई अफसरों की बैठक

आदिबद्री में सरस्वती उद्गम स्थल का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

- सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2027 की तैयारियों को लेकर आदिबद्री स्थित गरुड़ टूरिस्ट काम्प्लेक्स में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाईस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में हरियाणा विद्युत नियामक बोर्ड के चेयरमैन मुकेश गर्ग भी मौजूद रहे।

सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाईस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2027 को भव्य रूप से मनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सरस्वती महोत्सव से पूर्व लाइट की व्यवस्था, सौंदर्यकरण, यमुनानगर से आदिबद्री सड़क पर साइन बोर्ड आदि का प्रबंध करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मौके पर अधिकारियों से आदिबद्री क्षेत्र के विकास के लिए सुझाव भी मांगे। किरमच ने कहा कि आदिबद्री को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा। बैठक से पूर्व सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच व हरियाणा विद्युत विनियामक बोर्ड के चेयरमैन मुकेश गर्ग ने आदिबद्री में सरस्वती उद्गम स्थल के सौंदर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास भी किया।



यमुनानगर। आदिबद्री में सरस्वती महोत्सव को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते बोर्ड के वाइस चेयरमैन धूमन सिंह किरमच। फोटो : हरिभूमि

3000 ईसा पूर्व लुप्त हो गई थी नदी

सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि वैदिक सरस्वती 6000 ईसा पूर्व के दौरान उत्तर पश्चिम भारत की एक शक्तिशाली और पवित्र नदी थी। जो पंजाब, हरियाणा और राजस्थान से होकर गुजरती थी और अंत में गुजरात तट पर कच्छ के रण में गिरती थी। उन्होंने कहा कि करीब 3000 ईसा पूर्व में लुप्त हो गई थी। सरस्वती नदी के तट पर भारतीय संस्कृति के बीज बोए गए थे। जो समय के साथ प्राचीन दुनिया की एक महान सभ्यता के रूप में विकसित हुई। इस अवसर पर सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के सीईओ कुमार सुप्रवीन, एसई परमजीत सियाग, नायब तहसीलदार व्यासपुर रविंद्र कुमार,सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के एक्सईएन सुरेंद्र कुमार, बिजली विभाग के एक्सईएन जसमीत सिंह,एसडीओ धर्मपाल,सुशील व बलविंदर आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



गीता ज्ञान संस्थानम् में मुरारी बापू का स्वागत

कुरुक्षेत्र। परमपूज्य गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने रामायण स्वस्तिक यात्रा के अंतर्गत धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र पहुंचे परमपूज्य मुरारी बापू का गीता ज्ञान संस्थानम् में आत्मीय स्वागत किया। कन्याकुमारी से कश्मीर तथा द्वारका से जगन्नाथ धाम तक निकली इस रामायण स्वस्तिक यात्रा का कुरुक्षेत्र में पड़ाव हुआ। इस दौरान परमपूज्य मुरारी बापू की श्रीराम कथा के लिए कुरुक्षेत्र स्थित ब्रह्मसरोवर के निकट कार्यक्रम निर्धारित था। दोनों संतों का यह आध्यात्मिक मिलन श्रद्धालुओं के लिए विशेष श्रद्धा एवं आनंद का अवसर बना। परमपूज्य मुरारी बापू के कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचने पर श्रीकृष्ण कृपा समिति, कुरुक्षेत्र के सैकड़ों सेवकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। सेवकों में पूज्य बापू जी के आगमन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। रेलवे स्टेशन से कथा स्थल के लिए प्रस्थान करने से पूर्व परमपूज्य मुरारी बापू जी गीता ज्ञान संस्थानम् पहुंचे। यहां परमपूज्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

101 फुट का रावण 80 फुट कुंभकर्ण और 60 फुट का मेघनाद होगा आकर्षण

कल थीम पार्क और मेला ग्राउंड में होगा रावण दहन

मेला ग्राउंड में अभिनेता राज बब्बर और पद्मश्री महावीर गुड्डू की रहेगी मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व दो अलग-अलग स्थानों पर मनाया जाएगा। कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी की ओर से थीम पार्क (केशव पार्क) में और धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी की ओर से ब्रह्मसरोवर के पूर्वी तट पर 18 मंजिला गीता ज्ञान मंदिर के पास स्थित केडीबी मेला ग्राउंड में दशहरा उत्सव आयोजित किया जाएगा। दोनों स्थानों पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों के दहन की तैयारियां की जा रही हैं। कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व राज्यमंत्री एवं कमेटी के संरक्षक सुभाष सुधा ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे सनातन धर्म मंदिर, न्यू कॉलोनी से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का शुभारंभ 101 ब्राह्मणों के शंखनाद और संत-महात्माओं की मौजूदगी में होगा। इसमें अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर तैयार विशेष झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजकों के अनुसार, शोभायात्रा में 101 महिलाएं झाड़ू लगाते हुए चलेंगी। यात्रा परशुराम चौक, सेक्टर-17, रोटरी चौक, छोटा बाजार, सीकरी चौक, कच्चा घेर और बिरला मंदिर सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए थीम पार्क पहुंचेगी। रास्ते में धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं और दुकानदारों की ओर से स्वागत किया जाएगा। आयोजकों ने करीब 18 स्थानों पर स्वागत की व्यवस्था की है। शोभायात्रा के दौरान ड्रोन से पुष्पवर्षा की भी योजना है। कमेटी के प्रधान अमित गुलाटी और वरिष्ठ उपप्रधान प्रदीप झांब ने बताया कि संस्था पिछले करीब 60 वर्षों से दशहरा उत्सव आयोजित कर रही है। इस बार थीम पार्क में 101 फुट ऊंचे रावण, 80 फुट ऊंचे कुंभकर्ण और 60 फुट ऊंचे मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस दौरान राम भजनों और भजन जैमिंग की प्रस्तुतियां भी होंगी। आयोजकों ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने की जानकारी दी गई है। उत्सव में पेयजल, बैठने, लंगर, चिकित्सा, अग्निशमन और यातायात प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



कुरुक्षेत्र। दशहरा उत्सव के लिए रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले तैयार करते कारीगर। फोटो : हरिभूमि

मेला ग्राउंड में राज बब्बर होंगे मुख्य अतिथि

धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी की ओर से ब्रह्मसरोवर के पूर्वी तट पर स्थित केडीबी मेला ग्राउंड में आयोजित उत्सव में फिल्म अभिनेता एवं पूर्व सांसद राज बब्बर मुख्य अतिथि होंगे। थानेसर के विधायक एवं कमेटी के संरक्षक अशोक अरोड़ा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। दोपहर तीन बजे से पद्मश्री महावीर गुड्डू सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 20 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे जनता स्कूल के पास अंबेडकर भवन से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू होने वाली यात्रा रोटरी चौक, छोटा बाजार, सीकरी चौक, पालिका बाजार, आहलूवालिया चौक, अंबेडकर चौक, गुरुद्वारा छठी पातशाही और सन्निहित सरोवर से होते हुए मेला ग्राउंड पहुंचेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां और दिल्ली से बुलाया गया बैंड शामिल रहेगा। शहर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की ओर से स्वागत की व्यवस्था की जा रही है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों के दहन के साथ रंगीन आतिशबाजी भी होगी। रावण दहन से पहले सोने की लंका का दहन किया जाएगा। रावण के पुतले को बोलने और हंसने वाले विशेष रूप में तैयार किया जा रहा है। धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी के सदस्यों ने शहरवासियों से परिवार सहित उत्सव में भाग लेने की अपील की है।

दोनों आयोजनों को लेकर तैयारियां जारी

शहर में दो स्थानों पर दशहरा उत्सव होने से अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों को कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। दोनों कमेटियों की ओर से शोभायात्राओं के मार्ग, दर्शकों की सुविधाओं, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। दशहरा पर्व पर रावण दहन के साथ धार्मिक प्रस्तुतियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे।

पूर्व मंत्री सुधा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

एलिवेटेड ट्रैक के नीचे सड़क चौड़ीकरण कार्य में लाएं तेजी



कुरुक्षेत्र। एलिवेटेड ट्रैक के नीचे सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में लगातार सुधार हो रहा है। पिछले करीब तीन महीनों से एलिवेटेड ट्रैक पर रेल यातायात शुरू हो चुका है। अब ट्रेनें ऊपर बने एलिवेटेड ट्रैक से गुजर रही हैं, जिससे नीचे सड़क पर वाहनों के आवागमन में भी काफी सुविधा हुई है और लंबे समय से चली आ रही यातायात संबंधी समस्या में राहत मिली है। उन्होंने बातचीत करते हुए कहा कि इसी कड़ी में थर्ड गेट के पास एलिवेटेड ट्रैक के नीचे सड़क को चौड़ा करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पूर्व में यह सड़क लगभग 7 मीटर चौड़ी थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 मीटर से अधिक किया जा रहा है। सड़क के चौड़ीकरण से इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और बेहतर होगी तथा आमजन को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने मौके पर पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के सीजन को देखते हुए सड़क निर्माण कार्य में और तेजी लाई जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो और कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जा सके। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य बेहतर गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए और इसे जल्द से जल्द पूरा करके जनता को समर्पित किया जाए। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड ट्रैक के शुरू होने से जहां ट्रेनों का आवागमन ऊपर से होने लगा है, वहीं नीचे सड़क को चौड़ा किए जाने से आने-जाने वाले लोगों को और अधिक सुविधा मिलेगी।

न्यूज डायरी

शिविर में 15 लोगों ने किया रक्तदान

कुरुक्षेत्र। लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के रक्तदान केंद्र में रविवार को वाल्मीकि आंबेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा और अस्पताल प्रशासन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 15 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लिया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ के पूर्व प्रधान रामकुमार गुज्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वाल्मीकि आंबेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा के संयोजक सुभाष पारचा और अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रामकुमार गुज्जर ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। रक्त की कमी के कारण किसी की जान न जाए, इसी उद्देश्य के साथ युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।



सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में एमपी एकादश व मीडिया एकादश में होगा क्रिकेट मैच

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में खेल और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 31 अक्टूबर को द्रोणाचार्य स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 2026 का शुभारंभ एक रोमांचक क्रिकेट मुकाबले के साथ होगा। रन फॉर यूनिटी के बाद आयोजित होने वाले इस मुकाबले में सांसद नवीन जिन्दल की एमपी एकादश और कुरुक्षेत्र की मीडिया एकादश टीम आमने-सामने होंगी। एमपी एकादश में प्रशासनिक अधिकारी और नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य शामिल होंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मीडिया एकादश की टीम के लिए कुरुक्षेत्र जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। क्रिकेट में रुचि रखने वाले इच्छुक पत्रकार अपनी टीम बनाकर हमारे हेल्पलाइन नंबर 9896090009 पर आवेदन कर सकते हैं। मैच 31 अक्टूबर 2026 को द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरुक्षेत्र में रन फॉर यूनिटी के समापन के बाद होगा।



गोशाला महासंघ के प्रधान बने जितेंद्र पाल शर्मा

कुरुक्षेत्र। गौशाला महासंघ कुरुक्षेत्र की आम सभा की बैठक रविवार को गीता धाम गौशाला के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में महासंघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें जितेंद्र पाल शर्मा को लगातार तीसरी बार प्रधान चुना गया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों के चयन पर अपनी सहमति जताई। नई कार्यकारिणी में सुरेंद्र गोयल सोनू पेहवा को उपाध्यक्ष, देवी दयाल शर्मा को सचिव तथा श्याम लाल गर्ग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, मनिंदर कुमार मौदगिल और संजीव हंस को संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा हाकम सिंह, स्वामी सत्यानंद, मनीष कुमार, देशराज अग्रवाल और महावीर सिंगला को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इस अवसर पर हरभजन सिंह, हाकम सिंह, श्याम लाल गर्ग, महावीर सिंगला, मनिंदर कुमार मौदगिल, जितेंद्र शर्मा, स्वामी सत्यानंद, मनीष कुमार, देवी दयाल शर्मा, भगवान दास, सुरेंद्र गोयल, सोमनाथ, संजीव हंस और देशराज अग्रवाल सहित महासंघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

कुरुक्षेत्र। सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कला-कौशल एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय में डांस प्रतियोगिता, वॉल हैंगिंग मेकिंग, थमोकॉल प्लेट/शीट क्राफ्ट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट तथा होम डेकोरेशन एवं बॉटल पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं सुंदर प्रस्तुतियाँ और कलाकृतियाँ तैयार कीं। डांस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मनोरंजन किया, वहीं वॉल हैंगिंग एवं थमोकॉल क्राफ्ट में बच्चों ने अपनी रचनात्मक सोच का परिचय दिया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बेकार वस्तुओं का उपयोग करके उपयोगी एवं सजावटी वस्तुएँ बनाईं। होम डेकोरेशन एवं बॉटल पेंटिंग में बच्चों ने रंगों और कलात्मक डिजाइन के माध्यम से अपनी प्रतिभा को खूबसूरती से प्रस्तुत किया।



महासप्तमी के पावन पर्व पर काम्यकेश्वर तीर्थ में श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

कुरुक्षेत्र। कमोदा स्थित श्री काम्यकेश्वर महादेव मंदिर एवं तीर्थ पर आश्विन माह की महा सप्तमी के पावन उपलक्ष्य में आयोजित रविवारीय शुक्ला सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने श्री काम्यकेश्वर महादेव का अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। तीर्थ पर सुबह ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। देर सायं तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रीजयराम संस्थाओं के अध्यक्ष श्री ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज ने यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। जयराम संस्था और गांव वासियों के सहयोग से मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुरेंद्र गुप्ता, रोहित कौशिक, सतबीर कौशिक, ब्लॉक समिति थानेसर के पूर्व चेयरमैन देवीदयाल शर्मा, लाल चंद, जोगिंद्र मास्टर, हरदीप सिंह, वकील, शीशपाल शर्मा, नरेश शर्मा, नित्यानंद शास्त्री, सोनू, आशीष, यश, मोनू पवन शर्मा, और एकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



महासप्तमी पर मां भद्रकाली शक्तिपीठ में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शारदीय नवरात्र की महासप्तमी के पावन अवसर पर रविवार को श्री देवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। प्रातःकाल मंगला आरती के साथ मां भद्रकाली की पूजा-अर्चना की गई और मां को हलवा-चने का भोग अर्पित किया गया। मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन भी किया। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने बताया कि महासप्तमी पर मां कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व है। मां कालरात्रि अपने भक्तों का कल्याण करने वाली हैं, इसलिए उन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। मंगला आरती में मुख्य अतिथि सतीश भारद्वाज ने मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्र व्रत भंडारे के तहत एस.पी. गोयल, इंदु वधवा, मनोज कुमार वधवा और अंशवीर ने अलग-अलग समय पर मुख्य यजमान के रूप में सेवा की। वहीं, अन्नपूर्णा भंडारे में दिनेश गोयल, अपर्णा और राकेश सैनी ने मुख्य यजमान के रूप में योगदान दिया। इस नवरात्र में प्रारंभ किए गए विशेष नवदुर्गा शक्ति हवन का रविवार को समापन हुआ।



भक्तिमय हुआ परिसर

सायं सात बजे आयोजित हवन में मुख्य यजमान एस.के. गोयल ने सपरिवार भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवदुर्गा का आह्वान कर हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित की गई। इसके बाद विभिन्न पूजन सामग्रियों और घी से विधिपूर्वक आहुतियां अर्पित की गईं। मंत्रोच्चारण और हवन की पवित्र अग्नि से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। मां की कंजक श्लोका पंडित ने भी मंत्रोच्चारण में भाग लिया। सायंकाल आयोजित भजन संध्या में गौरव शान ने भजनों के माध्यम से महामाई का गुणगान किया। इसके बाद बी.एस. हार्ट केयर हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के डॉ. पवन बंसल ने महाआरती में मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया।

भारत को जानो प्रश्नोत्तरी में गुरुकुल और श्रीमती केसरी देवी सैनिक स्कूल ने मारी बाजी

- सीनियर वर्ग में गुरुकुल कुरुक्षेत्र और जूनियर वर्ग में केसरी देवी सैनिक स्कूल लौहार माजरा की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत विकास परिषद की मैत्रयी शाखा द्वारा रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारतीय संस्कृति, इतिहास, परंपराओं और राष्ट्रीय गौरव से जुड़े प्रश्नों का ज्ञान व प्रतिभा के आधार पर जवाब दिया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गुरुकुल कुरुक्षेत्र की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जूनियर वर्ग में श्रीमती केसरी देवी सैनिक स्कूल, लौहार माजरा की टीम विजेता बनी।प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को नगर परिषद थानेसर की पूर्व चेयरमैन श्रीमती उमा सुधा और भारत विकास परिषद की मैत्रयी शाखा की अध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा ने सम्मानित किया। जूनियर वर्ग में यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, गुरुकुल तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, सीनियर वर्ग में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की टीम दूसरे और दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती उमा सुधा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को जानो जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनमें देश के इतिहास, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित करती हैं।



पार्षद सुधीर चुघ दशहरा कमेटी के उपप्रधान बने

कुरुक्षेत्र। पार्षद सुधीर चुघ को कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी का उपप्रधान नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में इस बार दशहरा पर्व भव्य और आकर्षक ढंग से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 20 अक्टूबर को थीम पार्क (केशव पार्क) में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। सुधीर चुघ ने बताया कि इस वर्ष उत्सव में 101 फुट ऊंचे रावण, 80 फुट ऊंचे कुंभकर्ण और 60 फुट ऊंचे मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम दोपहर करीब 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान युवाओं और श्रद्धालुओं के लिए भजन जैमिंग तथा राम भजनों की विशेष प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी।



महाराणा प्रताप स्कूल में जीवन कौशल पर सीबीएसई कार्यशाला



कुरुक्षेत्र। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में रविवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में जीवन कौशल (बेसिक) विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में करीब 60 शिक्षकों ने भाग लिया। करनाल से आए निखिल शर्मा और अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल, पिहोवा के प्रधानाचार्य दुर्गेश शर्मा ने मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योतिष्मा और दोनों विशेषज्ञों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सामूहिक गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। प्रधानाचार्या ने विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित 10 मूल जीवन कौशलों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इनमें आत्म-जागरूकता, समानुभूति, प्रभावी संवाद, समालोचनात्मक चिंतन तथा भावनाओं और तनाव का प्रबंधन प्रमुख रहे। वक्ताओं ने बताया कि जीवन कौशल विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को समझने, समस्याओं का समाधान खोजने, सकारात्मक निर्णय लेने और दूसरों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने में सहायता करते हैं।

कार्यक्रम

भारतीय संस्कृति और हरियाणवी लोक परंपराओं की झलक ने मोहा मन

विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से बिखेरे रचनात्मकता के रंग

जयराम कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव में संगीत, नृत्य व साहित्यिक विधाओं में दिखी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जोनल युवा महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, साहित्य और अन्य कलात्मक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति, हरियाणवी लोक परंपराओं और आधुनिक रचनात्मकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित इस महाविद्यालय में आयोजित महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। प्रातःकालीन सत्र में हरियाणा के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा मुख्य अतिथि रहे। आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. अंकेश्वर प्रकाश, युवा कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. विवेक चावला, उपनिदेशक सलोनी दीवान, बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कोल के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल और डीवाईसी के नॉमिनी डॉ. नीरज बातीश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सुभाष सुधा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को जिस तरह अभिव्यक्त किया, वह सराहनीय है।



कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

युवाओं की ऊर्जा का उत्सव

सायंकालीन सत्र में जय भगवान शर्मा डीडी मुख्य अतिथि तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुदेश रावल ने अतिथियों का स्वागत किया। जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि युवा महोत्सव केवल प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, कल्पनाशीलता और सांस्कृतिक चेतना का उत्सव है। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां भारतीय संस्कृति और हरियाणवी लोक परंपराओं की समृद्ध झलक प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ आत्मविश्वास विकसित करने और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर देते हैं। इससे उनमें अनुशासन, रचनात्मकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है। युवा महोत्सव के दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, नए अनुभव प्राप्त करने और विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान किया।

खबर संक्षेप

महिलाओं को लाइसेंस आवंटन में आरक्षण

अंबाला। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक जितेश गोयल ने बताया कि जिला के गरीब एंव पात्र परिवारों को राशन प्राप्त करने हेतु उचित मूल्य की दुकानो (राशन डिपुओ) तक पहुंचने में होने वाली कठिनाईयों का समाधान किया जाएगा। विशेषकर मौजूदा राशन डिपुओ से दूर स्थित क्षेत्रो में रहने वाले परिवारों की समस्याओ के समाधान, युवाओ के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने तथा महिलाओ के सशक्तिकरण के उदेश्य से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा राज्य में 2651 रिक्त उचित मूल्य की दुकानों के लिए डिपो लाइसेंस जारी करने हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करने के लिए 10 अक्तूबर 2026 को पोर्टल का शुभारंभ कर दिया गया है। उक्त लाइसेंसों के आवंटन में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

बाल उत्सव को लेकर बच्चों में उत्साह

अंबाला। जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा 21 से 23 अक्तूबर तक बाल महोत्सव के तहत तीन दिवसीय जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं को लेकर जिले भर के स्कूली बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राएं अपनी कला व प्रतिभा को निखारने के लिए जी-जान से अभ्यास में जुटे हैं। यह आयोजन उपायुक्त सचिन गुप्ता तथा नोडल अधिकारी एवं एसडीएम आईएएस कनिका गोयल के मार्गदर्शन में संपन्न कराया जा रहा है।

धान खरीद का कार्य निरंतर जारी

अंबाला। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जितेश गोयल ने बताया कि जिला में धान खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी हैं। सभी 15 मंडियों में उठान का कार्य भी बेहतर तरीके से किया जा रहा हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि 17 अक्तूबर शाम 5 बजे तक जिला की मंडियों में धान की 302545.09 मिट्रिक टन आवक आ चुकी हैं। जिसमें से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 263024 मिट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी हैं। अब तक कुल 154906 मिट्रिक टन धान का उठान हो चुका है।

अंबाला में दिशा की मीटिंग 22 को होगी

अंबाला। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप सिंह ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 22 अक्तूबर 2026 को प्रातः 10 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि दिशा कमेटी की बैठक लोकसभा सांसद एवं दिशा कमेटी के अध्यक्ष वरूण चौधरी, राज्यसभा सांसद एवं सह अध्यक्ष कार्तिकेय शर्मा की अध्यक्षता में होगी।

प्रदेशाध्यक्ष ने 11 नवयुगलों को दिया आशीर्वाद

अंबाला। शहर के सेक्टर-9 स्थित अग्रवाल भवन में शनिवार को जैन फेलोशिप क्लब सोसायटी ने सामूहिक कन्या विवाह समारोह आयोजित किया। इसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। न्होंने 11 नवयुगलों को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में हरियाणा से ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य समाज की सोच बदलना था। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। परिवारों को बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मानसिकता बदलनी होगी। उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर देने चाहिए। अर्चना गुप्ता ने आयोजकों के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बेटियों के विवाह में सहयोग करना पुण्य का कार्य है।

दो साल में विकसित हरियाणा के संकल्प को मिली नई गति : सुभाष

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व प्रदेश सरकार के दो साल में विकसित हरियाणा के संकल्प को नई गति मिली है। प्रदेश में जन विश्वास की शक्ति, सुशासन के साथ राज्य सरकार ने अपने लगातार तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा सरकार को सेवा का दायित्व सौंपा है।

बराड़ा दशहरा महोत्सव में दिलप्रीत ढिल्लों ने लूटी महफिल

■ कल रिमोट कंट्रोल से होगा रावण के पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। दशहरा महोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति देते गायक दिलप्रीत ढिल्लों।



बराड़ा। बराड़ा दशहरा महोत्सव में गीतों पर झूमते लोग।

बराड़ा दशहरा महोत्सव का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस महोत्सव के पहले दिन पंजाबी गायक दिलप्रीत ढिल्लों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर युवा ही नहीं, बल्कि अन्य दर्शक भी झूमते नजर आए। करीब दो घंटे तक चले रंगारंग कार्यक्रम में लोगों ने जमकर ठुमके लगाए और पंजाबी संगीत का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के पहुंचे मुख्यातिथि समाज सेवी अरुण गोयल एवं कुंवर पाहवा, प्रशांत चौहान, मोनू मक्कड़, रोहतास राणा सरपंच थंबड़, हितेश पाहवा आदि ने सभी को दशहरे पर्व की शुभकामनाएं दी। बराड़ा दशहरा ग्राउंड में 18 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे इस महोत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह है। दशहरा महोत्सव में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग पहुंच रहे हैं। आज गायक दिलप्रीत ढिल्लों ने संडे, वहम, यारां दा ग्रुप, वंग, बीपी अप डाउन, फेमस, जट्ट ते जवानी, सिरा, शाइनिंग कोका, थार वाला यार, एंड जट्टिये, श्री सिक्स्टी और थार ते बरात जैसे लोकप्रिय गीतों से समां बांध दिया। उनके गीतों पर दर्शक देर तक झूमते रहे। महोत्सव के दूसरे दिन 19 अक्टूबर को सायं 7 बजे पंजाबी गायक जर्मन मान अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं, 20 अक्टूबर को महोत्सव के अंतिम दिन रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध समाजसेवी अरुण गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान सायं करीब 6.30 बजे वह रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर रावण के पुतले का दहन करेंगे। कार्यक्रम में दशहरा कमेटी के प्रधान विक्रम राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे।गौरतलब है कि बराड़ा का दशहरा महोत्सव क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। हर वर्ष हजारों की संख्या में लोग रावण दहन देखने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं। इस बार भी तीन दिवसीय आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है।

क्रेन की मदद से खड़ा किया रावण का पुतला

दशहरा कमेटी के संयोजक विक्रम राणा अनुसार जनता के दर्शन के लिए रावण के विशाल पुतले को आज क्रेन की मदद से खड़ा कर दिया गया है। वैसे महोत्सव की तैयारियों के दौरान रावण के पुतले के निर्माण में बाधा भी आई। कार्यक्रम संयोजक विक्रम राणा ने बताया कि पुतला तैयार करने के लिए बुलाए गए कारीगर काम अधूरा छोड़कर चले गए। इसके बाद अमरपाल राणा ने पुतले को पूरा करवाने की जिम्मेदारी संभाली और स्थानीय लोगों के सहयोग से निर्माण कार्य पूरा कराया। इस तरह स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयासों से रावण दहन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर अमरपाल राणा, एडवोकेट अंकित, विपिन जायसवाल, सुरेश कुमार, कर्ण राणा, शक्ति राणा व अन्य मौजूद रहे।

चित्रा को झटका, वार्ड नंबर 6 के सदस्य भाजपा में शामिल, विज की सराहना

पूर्व में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी भी समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

विज ने अपने पटका पहनाते हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के बीच स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नप सदस्य को भाजपा में शामिल करवाते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर अंबाला सदर नगर परिषद के वार्ड नंबर छह से सदस्य संदीप शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ चित्रा सरवारा का साथ छोड़ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इसके अलावा वार्ड नंबर छह से ही आजाद चुनाव लड़ने वाले आशुतोष ने भी भाजपा में शामिल गए। विज ने अपने निवास पर पार्टी के पटके पहनाते हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के बीच उनका स्वागत किया। हा कि /"मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर, लोग मिलते गए और कारवां बनता गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सदस्य मदनलाल शर्मा व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास बहगल के नेतृत्व में सदस्य संदीप शर्मा, आशुतोष भारी संख्या में लोगों ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। मंत्री अनिल विज ने इस दौरान कहा कि भाजपा परिवार में बढ़ौत्तरी हुई है। वार्ड नंबर छह से पार्षद संदीप शर्मा अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा में शामिल हुए हैं। इसी तरह चुनाव लड़ने वाले आशुतोष भी शामिल हुए है। उन्होंने कहा भाजपा की जो विकास करने की राजनीति, काम करने की राजनीति है उससे अंबाला छावनी का बढ़ा हुआ स्वरूप देख रहे हो, यह अकेला मेरा योगदान नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं और लोगों का भी योगदान है। हम न जात-पात की, क्षेत्रवाद की राजनीति नहीं करते। हम केवल विकास की राजनीति करते हैं। जब हम 1971 में पार्टी में शामिल हुए थे तो यही घुट्टी पिलाई गई कि राजनीति सेवा का माध्यम है। इसमें हम सेवा करने के लिए आते हैं। हमने यह करके दिखाया है। मेरे से पहले का अंबाला छावनी व अब का अंबाला छावनी कहां पहुंच गया है। यह सारा विकास हमने मिलकर किया है। छावनी को और बुलंदियों तक पहुंचाएंगे।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज से प्रभावित

भाजपा में शामिल हुए पार्षद संदीप शर्मा ने कहा कि वह भाजपा और कैबिनेट मंत्री अनिल विज से प्रभावित हैं। मंत्री अनिल विज मेरे राजनीतिक गुरू हैं। मैंने पहले भी काम किया है। विज की नीतियों से सारा अंबाला छावनी प्रभावित है। उन्होंने कई विकास कार्य किए है जिन्हें हम बयान नहीं कर सकते। अब मैं भी उनके साथ साथ आया हूं तो साथ काम करेंगे। मेरे साथ सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुए हैं। पूरे देश में अनिल विज का नाम है। उनके साथ कार्य करने का बेहतर अनुभव होगा। इस अवसर पर काटी राणा, जसविंद्र सिंह, मलिक शर्मा, जसपाल सिंह, संजय बख्शी, सुरेंद्र तंवर, शेर सिंह, मान सिंह पहलवान, रविंद्र, कुसुम, राजन बब्बी, सुरेंद्र राणा, रविंद्र तोमर, राजन शर्मा, एलसी शर्मा, केके शर्मा, सुरेंद्र, जसपाल, नवीन सूद, देसराज, मलकीत सिंह, सुखदेव शर्मा, विमला शर्मा, रानी, प्रभा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोगों व महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा।

दशहरा उत्सव की तैयारियां पूरी, 20 को होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रसिद्ध दशहरा महोत्सव 18 से 20 अक्टूबर तक दशहरा ग्राउंड में धूमधाम से मनाया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर दशहरा कमेटी की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

महोत्सव के अंतिम दिन 20 अक्तूबर को रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। दशहरा कमेटी के अनुसार 20 अक्तूबर को समाजसेवी अरुण गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके द्वारा रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम में दशहरा कमेटी के प्रधान विक्रम राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कमेटी की ओर से आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। बता दें कि यहां का दशहरा महोत्सव क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। हर वर्ष रावण दहन देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। यह आयोजन बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने के साथ-साथ लोगों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का भी माध्यम बनता है। दशहरा कमेटी ने मीडिया प्रतिनिधियों से 18, 19 और 20 अक्तूबर को दशहरा ग्राउंड में पहुंचकर कार्यक्रम की कवरेज करने की अपील की है। महोत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है और सभी की निगाहें 20 अक्टूबर को होने वाले रावण दहन कार्यक्रम पर टिकी हैं।

40 प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित

अंबाला। सतयुग दर्शन ट्रस्ट द्वारा संचालित समभाव-समदृष्टि स्कूल में शनिवार को प्रधानाचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें अंबाला शहर व अंबाला कैंट के 40 से अधिक सरकारी व निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। सम्मेलन का विषय मानवीय मूल्यों और सर्वांगीण विकास से शिक्षा को नई दिशा देना था। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के बच्चों ने कथक गुरु अंजू मिगलानी के निर्देशन में स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न और प्रधानाचार्यों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

डांडिया नाइट में संगीत और गरबा की रंगारंग प्रस्तुतियों से किया मदहोश

■ सोसाइटी के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



लूसी बर्गेस की अध्यक्षता में सिल्वर सिटी थीम्स सोसाइटी में पहली बार डांडिया नाइट का आयोजन शनिवार को सिल्वर सिटी थीम्स सोसाइटी की रेज़िडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष सुश्री लूसी बर्गेस की अध्यक्षता में पहली बार डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरा माहौल संगीत, गरबा और डांडिया की रंगारंग प्रस्तुतियों से उत्सवमय हो गया।सभी आयु वर्ग के निवासी पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर डांडिया स्टिक्स के साथ डांस फ्लोर पर उतरे। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, ऊर्जावान नृत्य और पारंपरिक परिधान सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में अध्यक्ष सुश्री लूसी बर्गेस, सुश्री अलका सप्रू, सुश्री सोनिया भल्ला और सुश्री प्रिया अरोड़ा शामिल थीं। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में सहयोग देने हेतु सुश्री अरुणा मल्होत्रा का विशेष आभार व्यक्त किया गया।प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे:डांडिया क्वीनः सुश्री श्रद्धाएनर्जेटिक डांसः श्री पंकज डोगरापारंपरिक परिधानः सुश्री रोहिणीइसके अतिरिक्त, पुरुषों में उत्साहपूर्वक आगे आकर डांस फ्लोर पर डांडिया करने की पहल के लिए हैरी और गौतम को सम्मानित किया गया। आयोजन स्थल पर लगाए गए विभिन्न फूड स्टॉल्स पर उपलब्ध स्वादिष्ट व्यंजनों ने भी कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई।सोसाइटी ने इससे पहले डांडिया नाइट आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी निवासियों, प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन सोसाइटी में आपसी मेल-जोल, सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक यादगार पहल साबित हुआ।

आरोपियों से चोरी के 17 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



सीआईए-2 की टीम को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने त्वरित एवं पेशेवर कार्रवाई करते हुए लाल कुर्ती बाजार (अम्बाला छावनी) स्थित एक मकान से लगभग 18 लाख 63 हजार रुपये की भारी-भरकम नकदी चोरी करने की गुत्थी को पूरी तरह सुलझा लिया है।

मामले में गिरफ्तार किए गए 4 आरोपियों से पुलिस रिमांड के दौरान 17 लाख रुपये की नकदी बरामद कर ली गई है, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जांच अधिकारी सहायक उप-निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता रेलनीर के मैनेजर सुरेंद्र कौशल ने 3 अक्तूबर 2026 को थाना पड़ाव में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार चोरों ने लाल कुर्ती बाजार स्थित उनके मकान से 'रेल नीर' की बिक्री से एकत्र किए गए लगभग 18,63,000/- रुपये चोरी कर लिए थे।मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच सीआईए-2 की विशेष टीम को सौंपी गई थी सीआईए-2 ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश के संजीव कुशवाह, अमन , सुमित कुशवाह व विवेक कुशवाह के तौर पर हुई थी। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी विवेक कुशवाह संबंधित ड्रिंकिंग वाटर कंपनी में ही काम करता था। उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की इस पूरी साजिश को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि के दौरान की गई गहन पूछताछ और आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई कुल राशि में से 17 लाख रुपये की नकदी सफलतापूर्व बरामद कर ली।

डीएवी कॉलेज में साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष व्याख्यान

सतर्क रहें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें छात्रः फकीरचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। व्याख्यान के दौरान मौजूद छात्र व विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. प्रियंका चौधरी एवं डॉ. खुशबू मल्होत्रा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा टीम से एसआई. फकीरचंद, ए.एस.आई. रमेश कुमार तथा साइबर विशेषज्ञ बबीता ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों, फर्जी कॉल और संदेशों तथा व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने, ओटीपी सांझा करने तथा संदिग्ध वेबसाइटों पर अपनी बैंकिंग संबंधी जानकारी दर्ज करने से बचना चाहिए। विशेषज्ञों ने मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण अपनाने तथा सोशल मीडिया खातों की गोपनीयता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत संबंधित साइबर अपराध हेल्पलाइन या आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) आरएस परमार ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क रहने तथा डिजिटल तकनीक का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. प्रियंका चौधरी एवं डॉ. खुशबू मल्होत्रा ने साइबर सुरक्षा टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार तथा सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अतिथियों को धन्यवाद किया

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेविकाओं अक्षिता एवं मेहर ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस स्वयंसेवक कनव ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और साइबर सुरक्षा टीम तथा सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा अपने परिवार और समाज के अन्य सदस्यों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005